# जनपद शामली पुलिस

**--सोशल मीडिया सेल शामली--**

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक 05.09.2023**

**थाना गढीपुख्ता**

**जनपद शामली की साइबर सेल एवं थाना गढीपुख्ता पर संचालित साइबर सेवा केन्द्र की त्वरित कार्यवाही के चलते UPI के माध्यम से धोखाधड़ी कर ठगी गई 50,000/- रुपये की सम्पूर्ण धनराशि वापस कराई गईः-**

दिनांक 25.08.2023 को आवेदक अजीत कुमार पुत्र कालूराम नि वासी ग्राम गढीअब्दुल्ला खाँ थाना गढीपुख्ता जनपद शामली के खाते से 50 हजार रुपये अज्ञात व्यक्ति के खाते में UPI के माध्यम से ट्रांसफर कर लेने के सम्बन्ध में थाना गढीपुख्ता साइबर सेवा केन्द्र पर शिकायती प्रार्थना पत्र दाखिल किया था।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के निर्देशन में साइबर सेवा केन्द्र थाना गढीपुख्ता एवं साइबर सेल शामली द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए फ्राड व्यक्ति के बैंक अकाउंट को डेबिट फ्रीज कराते हुए पीडित की ठगी गई सम्पूर्ण **धनराशि 50,000/- रूपये उनके खाते में वापस करा ई गई।** श्री अजीत कुमार निवासी उपरोक्त द्वारा श्रीमान पुलिस अधीक्षक शामली, साइबर सेवा केन्द्र थाना गढीपुख्ता एवं साइबर सेल शामली का आभार व्यक्त किया है।

**साईबर सैल टीम शामली**

1.साईबर सैल प्रभारी श्री संजीव भटनागर जनपद शामली।

2.कम्प्यूटर आपरेटर विकास साईबर सैल जनपद शामली।

3.का0 अर्चित साईबर सैल जनपद शामली।

**थाना गढीपुख्ता साईबर टीम**

1.प्रभारी निरीक्षक श्री राधेश्याम थाना गढीपुख्ता जनपद शामली।

2.उ0नि0 श्री विपिन कुमार थाना गढीपुख्ता जनपद शामली।

3.कम्प्यूटर आपरेटर मोहित कुमार थाना गढीपुख्ता जनपद शामली।

4.का0 गजेन्द्र यादव थाना गढीपुख्ता जनपद शामली।

**SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI**



**थाना काँधला**

**थाना काँधला पुलिस द्वारा 01 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार , कब्जे से अवैध 2 किलो 600 ग्राम गांजा बरामदः-**

आज दिनांक 05.09.2023 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे मादक पदार्थ तस्करी मे लिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना काँधला पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान सूचना पर 01 अभियुक्त को अवैध 2 किलो 600 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना काँधला पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

भूरा उर्फ वाजिद पुत्र साजिद नि0 मौ0 खैल कस्बा व थाना कांधला जनपद शामली।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त :-**

मु0अ0स0 425/23 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना काँधला जनपद शामली।

मु0अ0स0 172/23 धारा 380/411 भादवि थाना काँधला जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

अवैध 2 किलो 600 ग्राम गांजा।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 श्री संदीप कुमार थाना कांधला जनपद शामली।

2.हे0का0 प्रताप शर्मा थाना कांधला जनपद शामली।

**SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI**



**थाना झिंझाना**

**थाना झिंझाना पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो मे युवक के साथ मारपीट करने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तारः-**

आज दिनांक 05.09.2023 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो मे खेत पर युवक के साथ मारपीट करने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के संबंध में थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात हो कि दिनांक 03.09.2023 को वादी श्री रविपाल पुत्र इन्द्रपाल निवासी ग्राम ताना थाना गढीपुख्ता जनपद शामली ने अपने चाचा राकेशपाल पुत्र कर्म सिंह निवासी उपरोक्त के साथ गांव के ही 03 व्यक्तियो द्वारा मारपीट करने के संबंध में तहरीर दाखिल की थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त प्रकरण के संबंध में पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा अभियुक्तों की शीघ्र ही गिरफ्तारी हेतु प्रभारी थाना झिंझाना को निर्देशित किया गया था।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

बिजेन्द्र पुत्र मांगेराम निवासी ग्राम ताना थाना गढीपुख्ता जनपद शामली।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त:-**

मु0अ0सं0 350/23 धारा 307/504/506 भादवि थाना झिंझाना जनपद शामली।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. उ0नि0 श्री युनुस खान थाना झिंझाना जनपद शामली।
2. है0का0 378 गगन पूनिया थाना झिंझाना जनपद शामली।
3. कां0 209 मोनू देशवाल थाना झिंझाना जनपद शामली।
4. कां0 967 सौरभ कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।

**SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI**



**<u>थाना काँधला</u>**

**<u>थाना कांधला पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 20 लीटर कच्ची शराब , व 0 1 किग्रा यूरिया बरामदः-</u>**

दिनांक 05.09.2023 थाना कांधला पुलिस द्वारा 01 अभियुक्तगण 1. इमरान पुत्र इकराम नि0 मौ0 बिजली घर रोड नई बस्ती कस्बा व थाना कांधला शामली थाना काँधला जनपद शामली को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है जिसके कब्जे से एक जरीकैन में अवैध 20 लीटर कच्ची शराब व 0 1 किग्रा यूरिया बरामद हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध थाना कांधला पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

